दिनांक : 07.04.2024 समय : 02.10पीएम

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी भोपाल
दोपहर समाचार

पीएम–चुनाव प्रचार

वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से मध्य प्रदेश में अपने चुनाव प्रचार अभियान का आगाज़ करेंगे। श्री मोदी शाम 6 बजे जबलपुर में भगत सिंह चौक से शंकराचार्य चौक तक करीब एक घंटे का रोड शो करेंगे। वहीं, भाजपा की न्यू ज्वाइनिंग टोली के संयोजक नरोत्तम मिश्रा ने दावा किया है कि भाजपा के स्थापना दिवस पर एक दिन में सवा लाख लोग भाजपा में शामिल हुए हैं। इनमें सबसे ज्यादा संख्या कांग्रेस से आने वाले नेताओं की है। इधर, कांग्रेस द्वारा मुरैना, ग्वालियर और खंडवा के अपने शेष बचे तीन उम्मीदवारों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में 28 सीटों पर मुकाबला स्पष्ट हो गया है, जबकि खजुराहो से समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार का पर्चा ख़ारिज होने से भ्रम की स्थिति है। इसी बीच, मध्य प्रदेश में पहले और दूसरे चरण के मतदान के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है।

प्रदेश भाजपा के अनुसार, प्रधानमंत्री मंगलवार को बालाघाट में एक रैली को संबोधित करेंगे। रक्षा मंत्री और राजनाथ सिंह 11 अप्रैल को रीवा एवं सतना प्रवास पर रहेंगे। वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी कल शहडोल में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

....

प्रदेश प्रचार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज राजगढ और जबलपुर में चुनाव प्रचार कार्यक्रमो में शामिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव राजगढ़ में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे और पार्टी प्रत्याशी रोड़मल नागर के समर्थन में सभाओं को संबोधित करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री दोपहर भोपाल पहुंचेंगे और यहां से जबलपुर रवाना होंगे जहां शाम 6 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ रोड शो में शामिल होंगे। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी आज प्रदेश के बालाघाट के खैरलांजी में हैं और अलग–अलग चुनावी सभाए और रोड शो कर रहे हैं।

....

होम वोटिंग

लोकसभा चुनाव के लिए 85 वर्ष एवं अधिक आयु के बुजुर्ग के साथ ही दिव्यांग मतदाताओं को घर से मतदान करने का अधिकार दिया गया है। जिसके तहत 5 अप्रैल से घर–घर जाकर मतदान दल द्वारा वोटिंग कराई जा रही है। छिंदवाड़ा जिले में दूसरे दिन जिले के 584 बुजुर्ग एवं दिव्यांगों ने मतदान किया। छिंदवाड़ा एवं पांढुर्ना जिले के अब तक 1293 मतदाताओं ने होम वोटिंग का लाभ लिया है। मंडला में कल 468 मतदाताओं के घर में ही मतदान की प्रक्रिया पूरी गोपनीयता और सुरक्षा के साथ संपन्न कराई गई। होम वोटिंग के दौरान मतदाताओं के घरों के आंगन अथवा बरामदे में तथा बीमार एवं दिव्यांगों के लिए बिस्तर में ही मतदान केन्द्र बनाये गये। इसमें निवारी नैनपुर निवासी 101 वर्षीय मन्नाबाई से उनके घर में ही मतदान कराया गया। पहले चरण के लिए 6 सीटों पर होने वाले मतदान के पूर्व यह सुविधा दी जा रही है।

....

जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है..

. इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

....

मतदाता जागरुकता

प्रदेश में शत प्रतिशत मतदान के लिए लगातार मतदाता जागरुकता के कार्यक्रम किए जा रहे हैं। स्वीप प्लान के तहत मतदाताओं को जागरूक करने छिंदवाड़ा जिले के ग्राम सुसरई, पिंडरई सहित आसपास के ग्रामों में मतदाता जागरूकता के लिए हस्ताक्षर कराए गए। झाबुआ और शिवपुरी जिले में कल विधानसभा चुनाव में 75 प्रतिशत से कम मतदान वाले क्षेत्रों में स्वीप गतितिवधियां के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। गुना जिले के ग्राम पंचायत गोविंदपुरा में मतदाताओं को जागरूक किया गया।

....

विश्व स्वास्थ्य दिवस

स्वास्थ्य के बारे में वैश्विक स्तर पर जागरुकता लाने के लिए आज विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस वर्ष के लिए थीम रखा है– मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार। इसका उद्देश्य आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव झेल रहे विश्व के लगभग साढ़े चार अरब लोगों को समुचित स्वास्थ्य देखभाल उपलब्ध कराना है। यह संख्या दुनिया की कुल आबादी के आधे से भी अधिक है।

....

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- रायसेन जिले में शनिवार को सभी एसडीएम द्वारा अपने क्षेत्रों में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।
- आईपीएल क्रिकेट में आज दोपहर साढ़े तीन बजे से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस का मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से होगा। वहीं लखनऊ सुपर जायंट्स का मुकाबला गुजरात टाइटंस से शाम साढ़े सात बजे से लखनउ में खेला जाएगा।

....